सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-304

19/07/2017

कृषि विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष दिया प्रस्तुतीकरण

पटना, 19 जुलाई 2017 :– आज 1, अणे मार्ग स्थित 'विमर्श' में कृषि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष विभाग से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार द्वारा कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं के अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में कृषि रोड मैप से संबंधित अद्यतन प्रगति, खरीफ फसल आच्छादन, वर्षापात, आकस्मिक फसल योजना, डीजल अनुदान वितरण तथा अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिवरेज के पानी के प्रबंधन के संबंध में योजना बनायें, सिवरेज के पानी का सही उपयोग हो। उन्होंने कहा कि हमलोग जैविक कृषि को महत्व दे रहे हैं। सिवरेज के पानी का उपयोग सिंचाई में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार सब्जी उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। सब्जी के क्षेत्र में अगर ध्यान दिया जाय तो द्वितीय स्थान आने में कोई कठिनाई नहीं है। उन्होंने वेजिटेबुल फार्मिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार राय, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव वित्त (व्यय) श्री एच0आर0 श्रीनिवास सहित कृषि विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******